>

Title: Need to ensure proper implementation of Ayushman Bharat Yojana in Madhya Pradesh - Laid

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): मोदी केयर के नाम से प्रसिद्ध 10 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाने वाली महत्वकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का पूरा लाभ वास्तविक हितग्राहीयों तक नहीं पहुंच रहा है, मध्य प्रदेश में योजना के तहत चिन्हित अस्पताल, बीमारी व योजना के कार्ड बनाये जाने के कार्यों में अनावश्यक देरी की जा रही है, जिससे लाखों मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है, योजना के तहत विभिन्न प्रकार की बड़ी जांचे मरीज को स्वयं करानी पड़ रही है जिससे निःशुल्क इलाज का उदेश्य सार्थक नहीं हो पा रहा है ।

मेरा विभागीय स्तर से योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग व क्रियान्वयन का अनुरोध है, जिससे दोषी अधिकारी चिकित्सक, अस्पताल, एजेंसी पर समुचित कार्रवाई की जा सके और माननीय प्रधान मंत्री जी की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ गांव, गरीब, किसान व सभी वांछित को मिल सके ।